मध्यप्रदेश होम्योपैथी परिषद (निर्वाचन) नियम, 2009 मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्रकाशन दिनॉक 12 फरवरी, 2009

(हिन्दी एवं अंग्रेजी)

मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनांतर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 56] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 12 फरवरी 2009—माघ 23, शक 1930

आयुष विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 फरवरी 2009

क्र. एफ 1-49-09-1-उनसठ.—आयुष मध्यप्रदेश होम्योपैथी परिषद् अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976) की धारा 4 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 51 की उपधारा (2) के खण्ड ''ख'' द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश राज्य होम्योपैथी परिषद् (निर्वाचन) नियम, 2008 है;

(2) ये नियम ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. परिभाषाएं.—इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश होम्योपैथी परिषद् अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976);

(ख) ''परिषद्'' से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित राज्य होम्योपैथी परिषद् ;

(ग) ''प्ररूप'' से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप; और

(घ) ''रिटर्निंग आफिसर'' से अभिप्रेत है, इस अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया गया अधिकारी.

3. **प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार करना.**—रिटर्निंग आफिसर इस अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के प्रयोजनों के लिये साठ दिवस के भीतर राज्य में के प्रत्येक राजस्व आयुक्त संभाग के लिये परिषद् के रजिस्ट्रार से रजिस्ट्रीकृत होम्योपैथी चिकित्सालय व्यवसायियों की देवनागरी लिपि में हिन्दी में एक सूची तैयार करवाएगा. ऐसी सूची, प्ररूप-1 में तैयार की जायेगी और यह प्रारंभिक मतदाता सूची कहलाएगी.

4. **प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन व विज्ञापन.**—(1) इस प्रकार तैयार की गई प्रत्येक प्रारंभिक मतदाताओं की सूची का प्रकाशन, परिषद् द्वारा मध्यप्रदेश राजपत्र में करवाया जायेगा और इस प्रकार प्रकाशित सूची संबंधित राजस्व संभागायुक्त के कार्यालय के सूचना पटल तथा परिषद् कार्यालय में प्रदर्शित की जायेगी इसके साथ संलग्नित एक सूचनापत्र के साथ,

(क) परिषद् के रजिस्ट्रार की सूचना की तारीख से 15 दिवस के भीतर, इसके संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावों को लिखित में आमंत्रित किया जाएगा.

(ख) ऐसी आपत्तियां तथा दावों की, यदि कोई हों, सुनवाई करने के लिये परिषद् के रजिस्ट्रार द्वारा तारीख व समय निर्धारित किया जायेगा और मामलों का यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र निराकरण किया जाएगा तथा उसके पश्चात् अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी.

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट सूचना की तारीख से, ऐसी प्रत्येक अंतिम मतदाता सूची का अवलोकन सभी होम्योपैथिक रजिस्ट्रीकृत चिकित्सकों तथा इस व्यवसाय से जुड़े अन्य व्यक्तियों द्वारा उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट कार्यालयों में ऐसे दिनों में कार्यालयीन समय के दौरान निःशुल्क अवलोकन किया जाएगा.

5. **संशोधन हेतु आपत्तियां और अनुरोध.**—(1) कोई भी व्यक्ति, जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं किया गया है अथवा किसी गलत स्थान में दर्ज किया गया है अथवा अशुद्ध विशिष्टयों के साथ दर्ज किया गया है या कोई भी व्यक्ति जिसका नाम इस मतदाता सूची में दर्ज किया गया है. जिसे अपना स्वयं का नाम अथवा किसी अन्य व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित किये जाने पर आपत्ति है. वह इसके संबंध में नियम 4 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के अधीन अपना दावा या आपत्ति सूचना की तारीख से 15 दिवस के अन्दर, परिषद् के पंजीयक को अपरान्ह तीन बजे के पूर्व लिखित में आवेदन दे सकेगा और निर्धारित तिथि व समय के बाद, किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी.

(2) दावे या आपत्तियों के साथ दावेदार/आपत्तिकर्ता जिन दस्तावेज/दस्तावजों पर विश्वास करता है, अवश्य संलग्न होने चाहिये.

6. **आपत्तियों का निपटारा एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन.**—(1) रजिस्ट्रार, आपत्तियों या दावों की ऐसी संक्षिप्त जांच, जैसा वह उचित समझे, करने के पश्चात् अपना निर्णय अभिलिखित करेगा.

(2) इस नियम के अधीन किसी कार्यवाही में किसी भी व्यक्ति का कोई विधि व्यवसायी प्रतिनिधित्व नहीं करेगा.

(3) रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा तथा प्रत्येक मतदाता सूची, ऐसे निर्णय के अनुसार पुनरीक्षित की जाएगी.

(4) इस प्रकार संशोधित मतदाता सूची अंतिम होगी तथा अंतिम मतदाता सूची के रूप में मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी तथा उनकी प्रत्येक की एक प्रमाणित प्रतिलिपि अभिलेख के लिये परिषद् कार्यालय में रखी जाएगी. यह अंतिम मतदाता सूची निर्वाचक नामावली होगी. रजिस्ट्रार, मतदाता सूची की कितनी भी प्रतियां जैसा वह उचित समझे, रिटर्निंग अधिकारी की ओर अग्रेषित करेगा.

7. **अंतिम मतदाता सूची का निरीक्षण.**—नियम 6 के उपनियम (4) में निर्दिष्ट अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का रु. 50/- प्रति घण्टा फीस के भुगतान करने पर प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को निरीक्षण करने का अधिकार होगा तथा उसकी सत्यापित प्रति विहित कुछ राशि के भुगतान पर परिषद् द्वारा आवेदक को जारी की जाएगी.

8. **समय-समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण.**—(1) नियम 6 के उपनियम (4) में यथानिर्दिष्ट मतदाता सूची तब तक प्रभावशील रहेगी जब तक कि उक्त नियम के उपनियम (2) के अनुसार पुनरीक्षित नहीं कर दी जाती है.

(2) ऐसी प्रत्येक मतदाता सूची को पुनरीक्षित किया जाएगा और उस सूची को जब कभी सामान्य चुनाव हों, अद्यतन किया जाएगा तथा नियम 4, 5 और 6 के उपबंध मतदाता सूची के ऐसे पुनरीक्षण पर लागू होंगे.

9. **आपत्तियों पर रजिस्ट्रार का आदेश परिरक्षित रखा जाएगा.**—नियम 4 के उपनियम (1) के अधीन प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची तथा नियम 5 के अधीन प्राप्त दावों व आपत्तियों के साथ उन पर रजिस्ट्रार का आदेश उक्त सूची के आगामी पुनरीक्षण के समय तक परिषद् के अभिलेखागार में परिरक्षित रखा जाएगा तथा उसके पश्चात् नष्ट किया जा सकेगा.

10. निर्वाचन कार्यक्रम का प्रकाशन.—रिटर्निंग आफिसर होम्योपैथी परिषद् के निर्वाचन कार्यक्रम का प्रकाशन, रिटर्निंग आफिसर को मतपत्र वापस प्राप्त करने की अंतिम तारीख के कम से कम 60 दिवस पूर्व मध्यप्रदेश राजपत्र में तथा राज्य के अग्रणी समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाएगा.

11. उप रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति.—(1) रिटर्निंग आफिसर इन नियमों द्वारा उपबंधित रीति में निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये जितना उपयुक्त समझे उतने शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियुक्त कर सकेगा. रिटर्निंग आफिसर प्रत्येक राजस्व आयुक्त संभाग के लिये एक उप रिटर्निंग आफिसर नियुक्त करेगा.

(2) इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को समय-समय पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्धारित परिश्रमिक तथा यात्रा भत्तों का भुगतान किया जाएगा.

(3) राज्य सरकार परिषद् के सदस्यों के निर्वाचन के लिये ऐसे अग्रिम स्वीकृत करेगी जैसे कि प्रत्याशित व्ययों की पूर्ति के लिये रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रस्तावित किया जाए.

12. निर्वाचन से संबंधित अधिसूचना का जारी करना.—(1) रिटर्निंग आफिसर प्रत्येक निम्न प्रक्रियाओं के लिये, ऐसी अन्य रीति में, जैसा कि वह उचित समझे, अनुसार तिथि समय तथा स्थान नियत करेगा और मध्यप्रदेश राजपत्र में अधिसूचित करवाएगा :—

(1) प्ररूप-2 में नामनिर्देशन-पत्रों की प्राप्ति तथा उनकी जांच;

(2) नियम 16 के उपनियम (5) के अधीन प्ररूप-3 में मतपत्रों का भेजना;

(3) नियम 21 और 22 के अधीन मतपत्रों की प्राप्ति, जांच तथा मतों की गिनती करना.

13. नामनिर्देशन-पत्र का सत्यापन.—(1) प्रत्येक नामनिर्देशन-पत्र दो मतदाताओं द्वारा प्रस्तावक एवं समर्थक के रूप में हस्ताक्षरित किए जाएंगे परन्तु प्रस्तावक अथवा समर्थक के रूप में कोई भी मतदाता प्रस्तावक अथवा समर्थक के रूप में एक से अधिक नामनिर्देशन-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेगा. नामनिर्देशन-पत्रों को रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय या उप रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में भेजा जायेगा, जैसा कि रिटर्निंग आफिसर द्वारा अधिसूचित किया जाए :

परन्तु एक से अधिक नामनिर्देशन-पत्र एक ही मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है तो रिटर्निंग आफिसर को सबसे पहले प्राप्त नामनिर्देशन-पत्र यदि वह पूर्णत: सही भरा गया हो तो उसे वैध माना जायेगा तथा यदि एक से अधिक नामनिर्देशन-पत्र उसी मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित किये गये हैं तो रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्राप्त प्रथम नामनिर्देशन के अतिरिक्त सभी ऐसे नामनिर्देशन-पत्रों को निरस्त किया जोगा.

(2) ऐसा नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त होने पर रिटर्निंग आफिसर प्राप्ति का समय तथा तारीख पृष्ठांकित करेगा.

(3) प्रत्येक अभ्यर्थी नामनिर्देशन-पत्र के साथ रिटर्निंग आफिसर को डिमान्ड ड्राफ्ट या मनीआर्डर के द्वारा रु. 550/- (पांच सौ पच्चास) की राशि जमा कराएगा. यदि जमा की जाने वाली राशि मनीआर्डर के माध्यम से प्रेषित की गई हो तो नामांकन-पत्र के साथ मनी आर्डर की रसीद संलग्न करेगा. ऐसे नामांकन-पत्र जो बैंक ड्राफ्ट या मनीआर्डर की रसीद के बिना पाये जावेंगे उन्हें रिटर्निंग आफिसर द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा. जमा की जाने वाली राशि यदि परिषद् में उपनियम (4) के अधीन राजसात नहीं की गई है तो चुनाव परिणाम घोषित हो जाने के बाद यथासंभव अभ्यर्थी को वापस कर दी जायेगी.

(4) यदि अभ्यर्थी निर्वाचित नहीं होता है तथा उसके पक्ष में दर्ज वैध मत की संख्या कुल दर्ज वैध मतों की संख्या के कुल चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या से भाग देने पर आने वाली संख्या के आठवें हिस्से से कम है, तो ऐसी स्थिति में उम्मीदवार द्वारा जमा करालें गई राशि परिषद् को राजसात हो जाएगी.

14. नियत तिथि से पूर्व नामनिर्देशन-पत्रों का प्रस्तुत किया जाना.—नामनिर्देशन-पत्र, जो रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्राप्त नामनिर्देशन-पत्रों की जांच के लिये निर्धारित तिथि व समय पर या उसके पूर्व प्राप्त नहीं होते हैं तो उक्त नामनिर्देशन-पत्र रिटर्निंग आफिसर द्वारा निरस्त कर दिये जाएंगे.

15. **नामनिर्देशन-पत्रों की संवीक्षा.**—(1) रिटर्निंग आफिसर द्वारा नामनिर्देशन-पत्रों की संवीक्षा के लिये नियत तारीख व समय पर, प्रत्येक अभ्यर्थी अथवा उसका प्रस्तावक तथा समर्थक या प्रतिनिधि रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में उपस्थित हो सकेगा जिसे उनके समक्ष समस्त अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन-पत्रों का परीक्षण करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा.

(2) उसके बाद रिटर्निंग आफिसर सभी नामनिर्देशन-पत्रों का परीक्षण करेगा तथा उन आपत्तियों पर जो किसी भी नामनिर्देशन-पत्र के संबंध में की जाएं, विचार करेगा तथा संक्षिप्त जांच पड़ताल करने पर या स्वविवेक से यदि वह उचित समझता है, तो निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर नामनिर्देशन-पत्र को निरस्त कर सकता है :—

(क) यह कि अधिनियम द्वारा या उसके अधीन अभ्यर्थी को सीट पर चयनित किये जाने के लिये अयोग्य घोषित किया जाता है.

(ख) यह कि नामनिर्देशन-पत्र पर प्रस्तावक या समर्थक हस्ताक्षर करने के लिये निरर्हित है.

(ग) यह कि नामनिर्देशन-पत्र पर स्वयं अभ्यर्थी अथवा उसके प्रस्तावक या समर्थक के हस्ताक्षर वास्तविक नहीं पाये जाते हैं, और

(घ) यह कि आवेदक के पास होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1973 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा अर्हता नहीं है.

(ङ) यह कि नामनिर्देशन-पत्रों की जांच के समय स्वयं अभ्यर्थी अथवा उसके प्रस्तावक या समर्थक का नाम होम्योपैथी की राज्य पूंजी में सम्मिलित न हो और वह मध्यप्रदेश का निवासी न हो.

16. **मतदान.**—(1) यदि अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन चुनाव में, खड़े होने वाले नामांकित प्रत्याशी की संख्या एक से अधिक नहीं है तो ऐसी स्थिति में उस धारा के अधीन चुने जाने वाले सदस्य की संख्या के विरुद्ध रिटर्निंग आफिसर ऐसे उम्मीदवार को तत्काल निर्वाचित घोषित करेगा.

(2) यदि ऐसे उम्मीदवारों की संख्या एक से अधिक है तो ऐसी स्थिति में रिटर्निंग आफिसर मध्यप्रदेश राजपत्र में तत्काल प्रावधिक मतपत्र प्रकाशित करवायेगा और उसके बाद प्ररूप-3 में उनके नाम मतपत्र के रूप में सम्मिलित करवाएगा.

(3) सम्यक्रूप से नामित कोई अभ्यर्थी मध्यप्रदेश राजपत्र में उनका नाम प्रकाशित होने के सात दिवस के अंदर रिटर्निंग आफिसर को अपने हस्ताक्षरित पत्र लिखकर अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकता है परन्तु उसके पश्चात् उसे अपना वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(4) रिटर्निंग आफिसर, नाम वापस लेने की सूचना प्राप्त होने पर, संबंधित तथ्यों की जानकारी मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित करवायेगा तथा प्रत्येक राजस्व आयुक्त संभाग के लिये अंतिम रूप से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अलग-अलग प्रकाशित करवायेगा.

(5) निर्वाचन होने की स्थिति में रिटर्निंग आफिसर, समस्त राजस्व आयुक्त संभाग के सभी मतदाताओं को निर्वाचन की निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व प्ररूप-5 में एक सूचनापत्र, प्ररूप-4 में एक घोषणा-पत्र के साथ रिटर्निंग आफिसर के सम्यकरूप से हस्ताक्षर किया हुआ प्ररूप-3 रजिस्ट्रीकृत डाक से भेजेगा जिसमें राजस्व आयुक्त संभाग से चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यार्थियों के नाम वर्णमाला के क्रम में देवनागरी लिपि हिन्दी में मुद्रित होंगे. रिटर्निंग आफिसर उपरोक्त सामग्रियों के साथ मतदाताओं को एक बड़ा तथा आंतरिक दो लिफाफे भी भेजेगा. बाहरी या बड़े लिफाफे पर रिटर्निंग आफिसर का पता लिखा रहेगा तथा यह बाहरी या बड़ा लिफाफा आंतरिक या अंदर रखे जाने वाले लिफाफे से आकार में बड़ा होगा.

अतिरिक्त लिफाफे पर "मतपत्र लिफाफा" लिखा रहेगा जिसके अंदर मतपत्र रख कर भेजा जायेगा तथा बड़े लिफाफे पर रिटर्निंग आफिसर का पता मुद्रित होगा जिसके अंदर मतपत्र रखा जाएगा. इस बड़े लिफाफे के अंदर, मतदाता द्वारा भरा गया घोषणा-पत्र भी रखा जायेगा.

(6) उपनियम (5) में निर्दिष्ट अन्य सामग्री के साथ मतपत्र निर्वाचन के लिये निर्धारित तिथि से सात दिन पूर्व रिटर्निंग आफिसर को आवेदन करने पर किसी मतदाता को प्रदाय किया जाएगा बशर्ते कि रिटर्निंग आफिसर का यह समाधान हो जाए कि निर्धारित तिथि तक उसे मतपत्र प्रदाय नहीं किया गया है.

(7) ऐसे मतदाता जिन्हें मतपत्र एवं अन्य सामग्री डाक से प्राप्त न हुई हो या उसने उसे पाने के बाद उन्हें खो दिया हो अथवा रिटर्निंग आफिसर को वापस भेजने के पूर्व अनवधानता से खराब हो गया है, यथास्थिति, वह रिटर्निंग आफिसर को लिखित में अनुरोध कर ऐसे घोषणा पत्र के साथ, निर्वाचन की निर्धारित तारीख से सात दिन पूर्व पुनः जारी करने हेतु मांग कर सकेगा. वह प्राप्त मत-पत्र तथा अन्य सामग्री जो खराब हो गई है उक्त अनुरोध सहित उसे वापस लौटाएगा जो रिटर्निंग आफिसर पुनः प्रदाय के पूर्व खराब हुए मतपत्र को निरस्त कर देगा.

(8) ऐसे मामलों में, जहां मतपत्र दोबारा जारी किये गये हैं, रिटर्निंग आफिसर मतदाता सूची में ऐसे मतदाताओं के नाम के आगे हस्ताक्षर कर, टीप अंकित करेगा कि इन्हें मतपत्र दोबारा जारी किया गया है.

(9) किसी मतदाता को उसका मतपत्र नहीं मिल पाने के कारणों से कोई निर्वाचन अविधिमान्य नहीं किया जायेगा.

17. **मतपत्रों का लौटाया जाना.**—कोई भी मतदाता जो अपने मत को अभिलिखित करने का इच्छुक है, वह घोषणा पत्र को विहित रीति में भरेगा और अपने मताधिकार का उपयोग कर अपना मतपत्र, स्वयं के व्यय पर रजिस्ट्रीकृत डाक से रिटर्निंग आफिसर को भेजेगा. मतदाता द्वारा स्वयं व्यक्तिगत रूप से निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गये मतपत्र को वैध माना जाएगा तथा उसे प्राप्ति के लिये एक पावती दी जावेगी. रिटर्निंग आफिसर द्वारा नियत तारीख व समय के बाद प्राप्त मतपत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा.

18. **रिटर्निंग आफीसर द्वारा पृष्ठांकन.**—घोषणा पत्र के साथ मतपत्र युक्त लिफाफे की प्राप्ति पर रिटर्निंग आफिसर उक्त बाहरी (बड़े) लिफाफे पर, उसमें प्राप्त होने की तारीख व समय पृष्ठांकित करेगा.

19. **मतों की गणना.**—(1) मतों की गणना तथा जांच के प्रयोजन के लिए निर्वाचन की तारीख की शाम को 5.00 बजे रिटर्निंग आफिसर नियत स्थान पर स्वयं उपस्थित रहेगा.

(2) रिटर्निंग आफिसर द्वारा उपनियम (1) में विननिर्दिष्ट तारीख के दिन शाम 5.00 बजे के तुरन्त बाद मतपत्र रखे बाहरी (बड़े) लिफाफों को खोलेगा.

(3) प्रत्येक अभ्यर्थी या उसके द्वारा सम्यकरूप से लिखित में अधिकृत एक प्रतिनिधि, मतों की गणना की प्रक्रिया देखने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह सकेगा.

20. **मतपत्र रखे जाने के लिए आशयित लिफाफे को निरस्त किये जाने के संबंध में.**—रिटर्निंग आफिसर, मतपत्र रखे जाने के लिये आशयित लिफाफे को निरस्त करेगा, यदि :—

(1) (क) घोषणा-पत्र, मतपत्र रखे जाने वाले लिफाफे के बाहर न रखा गया हो; या

(ख) रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदाता को भेजे गये घोषणा-पत्र से अलग किसी अन्य स्वरूप में घोषणा-पत्र प्राप्त हुआ हो; या

(ग) घोषणा-पत्र मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित न हो; या

(घ) मतपत्र को निर्धारित लिफाफे में न रखा गया हो तथा वह बड़े बाहरी लिफाफे में रखा गया हो; या

(ङ) बाहरी बड़े लिफाफे में एक से अधिक मतपत्र या घोषणा पत्र रखे गये हो; या

(च) घोषणा-पत्र पर मतदाता का राज्य होम्योपैथी परिषद् के अधीन रजिस्ट्रीकरण क्रमांक का उल्लेख न किया गया हो.

(2) ऐसे मामलों में जो उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट हैं, रिटर्निंग आफिसर मतपत्र रखे जाने वाले लिफाफे तथा घोषणा-पत्र पर "अस्वीकृत" लिखेगा.

(3) रिटर्निंग आफिसर अपने समाधान के बाद नियम 24 के अनुसार सभी घोषणापत्रों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा.

21. **मतों की संवीक्षा तथा गणना के समय रिटर्निंग आफिसर की उपस्थिति.**—(1) रिटर्निंग आफिसर नियत दिवस पर मतपत्रों की गणना तथा संवीक्षा के लिये व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेगा :

परन्तु इस प्रयोजन के लिये नियत दिन, किसी भी दशा में निर्वाचन की तारीख से तीन दिन से अधिक का न हो.

(2) नियम 20 के अधीन निरस्त किये गये मतपत्रों को छोड़कर मतपत्र रखे हुए समस्त लिफाफों को खोला जायेगा और मतपत्रों को बाहर निकाला जाएगा तथा उन्हें मिला दिया जायेगा तथा उनकी संवीक्षा के बाद मतपत्रों की गणना प्रारंभ की जायेगी, परन्तु गणना प्रारंभ करने के पूर्व इन वैद्य मतपत्रों को उनके राजस्व आयुक्त संभागवार व्यवस्थित किया जाएगा. गणना राजस्व आयुक्त संभागवार की जाएगी.

(3) मतपत्र अवधिमान्य होगा,—

(क) यदि उस पर रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर नहीं होंगे; या

(ख) यदि उस पर मतदान करने वाले मतदाता के हस्ताक्षर या कोई भी ऐसा पहचान का लेख या चिन्ह होगा जिससे उसकी पहचान हो सके; या

(ग) यदि उसने मताधिकार के उपयोग के संदर्भ में किसी भी अभ्यर्थी के नाम के सामने "×" का चिन्ह न लगाया हो; या

(घ) यदि "×" का चिन्ह एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के सामने लगाया गया हो अथवा "×" का चिन्ह शंकास्पद स्थिति में लगा हो कि जिससे यह स्पष्ट न हो सके कि किस प्रत्याशी के पक्ष में मताधिकार का उपयोग किया गया हैं;

(ङ) यदि "×" का चिन्ह पेन्सिल से लगाया गया हो.

22. **मतों की गणना के समय अभ्यर्थियों की उपस्थिति.**—(1) प्रत्येक अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह सकता है या उसके द्वारा सम्यकरूप से अधिकृत या उसके द्वारा लिखित में गणना की प्रक्रिया पर निगरानी रखने हेतु प्रतिनिधि को भेज सकता है.

(2) रिटर्निंग आफिसर मतपत्र दिखा सकेगा यदि अभ्यर्थी या उसका प्रतिनिधि ऐसा अपेक्षित करे.

(3) यदि इस आधार पर किसी मतपत्र पर कोई आपत्ति की जाती है कि इसमें अनुदेशों का अनुपालन नहीं हुआ है या रिटर्निंग आफिसर द्वारा किसी मतपत्र को रद्द कर दिया है तो रिटर्निंग आफिसर द्वारा उसे तुरन्त निपटाया जाएगा, जिसका विनिश्चय उस पर अंतिम होगा.

(4) रिटर्निंग आफिसर इतनी संख्या में राजपत्रित अधिकारियों को नियुक्त कर सकेगा जितना कि वह संवीक्षा तथा मतपत्रों की गणना के प्रयोजन के लिये आवश्यक समझे.

23. **निर्वाचन के परिणाम की घोषणा.**—(1) जब मतपत्रों की गिनती पूर्ण हो जाती है, तब रिटर्निंग आफिसर द्वारा तुरन्त उस अभ्यर्थी को, जिसको अधिकतम वैध मत प्राप्त हुए हैं, निर्वाचित घोषित किया जाएगा.

(2) यदि दो अभ्यर्थियों को बराबर संख्या में मत प्राप्त हुए हैं तथा एक अतिरिक्त मत मिलने पर उस अभ्यर्थी को निर्वाचित घोषित किया जा सकता है तो ऐसे अभ्यर्थी को जिसे एक अतिरिक्त मत दिया गया है उसका निर्णय रिटर्निंग आफिसर द्वारा ऐसी रीति में, जैसा कि वह विनिश्चय करे, लाट डालकर किया जायेगा.

24. **निर्वाचन से संबंधित दस्तावेजों को सील बंद कर तथा सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाना.**—गणना पूर्ण होने तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा परिणाम की घोषणा के बाद सभी मतपत्रों तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य सभी दस्तावेजों को सील बंद कर, आगामी छह माह तक अथवा राज्य सरकार के समक्ष किसी भी उठायी गई आपत्तियों के निराकरण होने तक जो भी बाद में हो, अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) के अधीन सुरक्षित प्रतिधारित किया जाएगा और तदुपरान्त उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा.

25. **निर्वाचन के परिणाम की संसूचना.**—रिटर्निंग आफिसर निर्वाचन का परिणाम राज्य होम्योपैथी परिषद् तथा मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव को संसूचित करने के बाद मध्यप्रदेश राजपत्र में सामान्य जानकारी के लिये प्रकाशित करवाऐगा.

26. **निर्वाचन को रद्द किया जाना.**—राज्य सरकार, होम्योपैथी परिषद् अधिनियम, 1976 के उपबंधों के अधीन किसी भी एक या एक से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन में किसी भी प्रकार की भ्रष्ट प्रक्रिया अपनाये जाने अथवा अन्य किसी पर्याप्त कारण के संबंध में लिखित शिकायत करने पर राज्य सरकार चुनाव निरस्त कर सकती है तथा मतदाताओं को नये निर्वाचन कराने के लिये निर्देशित कर सकती है. अधिनियम के उपबंधों के अधीन इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा किया गया निर्णय अंतिम एवं सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा.

27. **इन नियमों के निबंधनों के संबंध में परिषद् की व्याख्या.**—इन नियमों के आशय, अर्थान्वयन या लागू किए जाने के संबंध में किसी भी प्रकार के उठाये गये प्रश्नों पर होम्योपैथी परिषद् का निर्णय, राज्य सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन रहते हुए अंतिम होगा.

28. **निर्वाचन के संबंध में विवाद.**—परिषद् के किसी भी निर्वाचित सदस्य के निर्वाचन के संबंध में यदि कोई विवाद उद्भूत होता है तो वह 30 दिन के भीतर राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा और उस पर राज्य सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा.

29. **निरसन तथा व्यावृत्ति.**—इन नियमों के तत्स्थानी ठीक पूर्व प्रवृत्त कोई भी नियम या आदेश निरस्त हो जाएंगे :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन पारित कोई आदेश या की गई किसी कार्रवाई के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन पारित किया गया आदेश है या की गई कार्रवाई है.

प्ररुप–1

(नियम 3 देखिये)

मतदाता सूची

राजस्व आयुक्त संभाग का नाम .....

अनुक्रमांक	मतादाता का नाम तथा पता	पिता/पति का नाम	पुरुष/स्त्री	जन्म तिथि	मतदाता का रजिस्ट्रीकरण क्रमांक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

प्ररुप-2

[नियम 12 का खण्ड (1) देखिए]

नामांकन-पत्र का प्रपत्र

कृपया अभ्यर्थी यहां अपना हस्ताक्षरयुक्त नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें.

राजस्व आयुक्त का संभाग .....

1. प्रत्याशी का नाम .....

2. पिता/पति का नाम .....

3. जन्मतिथि/आयु वर्ष ..... माह ..... दिन .....

4. होम्योपैथी के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त शिक्षा, मान्यता प्राप्त संस्था का नाम तथा उत्तीर्ण करने का वर्ष. .....

5. राज्य पंजी का पंजीयन क्रमांक .....

6. निवास का पता .....

7. राजस्व आयुक्त संभाग .....

8. प्रस्तावक के हस्ताक्षर .....

9. प्रस्तावक का पंजीयन क्रमांक .....

10. प्रस्तावक के निवास का पता .....

11. समर्थक का हस्ताक्षर .....

12. समर्थक का पंजीयन क्रमांक .....

13. समर्थक के निवास का पता .....

प्रत्याशी का घोषणा-पत्र

मैं, मध्यप्रदेश राज्य होम्योपैथी परिषद् के सदस्य के रूप में निर्वाचन हेतु स्वयं को ..... संभाग से अभ्यर्थी होना स्वीकार करता हूं.

तारीख .....

.....

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

कार्यालयीन उपयोग हेतु

दिनांक ..... को ..... बजे राजस्व आयुक्त संभाग ..... से नामांकन प्राप्त हुआ.

रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर

अनुदेश

1. दिनांक ..... को ..... बजे तक ..... स्थान पर प्राप्त न होने पर नामांकन-पत्र निरस्त कर दिया जाऐगा.

2. अभ्यर्थी प्रस्तावक तथा समर्थक का नाम तथा निवास का पता वैसे ही लिखा जाना चाहिये जैसा कि राज्य होम्योपैथी परिषद् द्वारा संधारित राज्य रजिस्टर में अभिलिखित है.

प्ररुप-3

[नियम 12 का खण्ड (2) देखिए]

मतपत्र

1. अनुक्रमांक .....

2. राजस्व आयुक्त संभाग का नाम .....

3. निर्वाचित किये जाने वाले सदस्य की संख्या एक

क्रमांक (1)	अभ्यर्थी का नाम तथा उसका पता (2)	मतदान का चिन्ह (3)
1.	.....	.....
2.	.....	.....
3.	.....	.....
4.	.....	.....
5.	.....	.....

रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर

अनुदेश

1. मत देने वाले व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी एक अभ्यर्थी के नाम के समक्ष उपरोक्त कालम (3) में ही X निशान लगाना है.

2. मतपत्र निरस्त माना जायेगा, यदि :—

(क) उसमें रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर नहीं हैं; या

(ख) उसमें मतदाता का हस्ताक्षर या किसी भी अन्य प्रकार का चिन्ह अंकित हो जिससे मतदाता की पहचान हो सकें; या

(ग) किसी भी अभ्यर्थी के नाम के सामने उपयुक्त स्थान पर × का चिन्ह न लगा हो; या

(घ) एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष × का निशान अंकित हो; या

(ङ) × का चिन्ह इस प्रकार अंकित हो जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सके कि यह × का निशान दो अभ्यर्थियों के पक्ष में लगाया गया है;

(च) यदि × का चिन्ह पेंसिल से लगाया गया हो.

प्ररुप-4

[नियम 16 का उपनियम (5) देखिए]

घोषणा

1. मतदाता का पूरा नाम तथा पता ....

....

....

2. राज्य रजिस्टर के अनुसार रजिस्ट्रीकरण क्रमांक ....

मैं, ... (मतदाता का नाम) एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश, होम्योपैथी परिषद् अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन निर्वाचन के उद्देश्य से यह घोषणा करता हूं कि मैं ऐसे निर्वाचन के लिये मतदाता हूं और मैंने किसी सदस्य के निर्वाचन के प्रयोजन के लिये इस घोषणा-पत्र के अतिरिक्त किसी अन्य घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं.

दिनांक . . . .

. . . .
मतदाता के हस्ताक्षर

रिटर्निंग आफिसर
के हस्ताक्षर की अनुकृति

प्ररुप-5

[नियम 16 का उपनियम (5) देखिए]

निर्वाचन के लिये अनुदेश

महोदय,

1. ऐसे अभ्यर्थी, जिनका नाम मतपत्र में छपा हुआ है, एतद्द्वारा, राज्य होम्योपैथी परिषद् के सदस्य के रूप में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी घोषित किये जाते हैं. यदि आप अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहते हैं तो आपसे अनुरोध है कि :—

(क) सम्यक प्रपत्र में घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करें;

(ख) मतपत्र में निर्धारित स्थान पर '×' का चिन्ह लगाये;

(ग) इस प्रयोजन के लिये निर्धारित छोटे लिफाफे में मतपत्र रखें तथा उस छोटे लिफाफे को बंद कर दें; तथा

(घ) खण्ड (ग) में निर्दिष्ट एक बड़े लिफाफे जिस पर रिटर्निंग आफिसर का नाम अंकित है उसमें छोटा लिफाफा रख दें साथ ही उसमें आपके द्वारा भरा तथा हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र भी रख दें और उसे दिनांक . . . . के पूर्व रिटर्निंग आफिसर को डाक से भेज दें अथवा उस दिनांक या उस दिनांक के पूर्व निश्चित रूप से शाम 5.00 बजे के पूर्व व्यक्तिगत हस्ते से रिटर्निंग आफिसर को आवश्यक रूप से सौंप दें.

2. मतपत्र निरस्त माना जावेगा यदि :—

(क) निर्धारित लिफ़ाफा जिसमें मतपत्र रखा है वह डाक द्वारा या व्यक्तिगत हस्ते से चुनाव के लिये निर्धारित स्थान पर निर्धारित तारीख व समय तक नहीं पहुंचा; या

(ख) बड़े लिफाफे में छोटे लिफ़ाफे के साथ हस्ताक्षरयुक्त घोषणा-पत्र नहीं पाया गया; या

(ग) रिटर्निंग आफिसर द्वारा पूर्व में भेजे गये घोषणा-पत्र के अतिरिक्त किसी अन्य घोषणा पत्र में घोषणा-पत्र पाया गया हो; या

(घ) घोषणा-पत्र में रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर की सील लगी नहीं पायी गयी; या

(ङ) मतपत्र को निर्धारित छोटे लिफाफे में बंद नहीं किया गया पाया गया और वह बड़े लिफाफे में खुला पाया गया; या

(च) एक से अधिक मतपत्र या घोषणा-पत्र या दोनों को बाहरी बड़े लिफाफे में रख कर भेजा गया हो; या

(छ) मतदाता परिषद् द्वारा आवंटित पंजीयन क्रमांक का उल्लेख करना भूल गया हो.

3. मतपत्र को निरस्त कर दिया जायेगा, यदि :—

(क) उस पर रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर न हों; या

(ख) उस पर मतदाता के हस्ताक्षर अथवा कोई भी ऐसा चिन्ह या लिखा हुआ हो कि जिससे मतदाता की पहचान की जा सके; या

(ग) उक्त मतपत्र में निर्धारित नियत स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर "×" चिन्ह लगा हो; या

(घ) "×" का निशान एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के सामने लगाया गया हो; या

(ङ) "×" का चिन्ह इस प्रकार लगाया गया हो जिससे यह स्पष्ट न हो कि किस अभ्यर्थी के पक्ष में यह मत डाला गया है.

4. यदि मतपत्र तथा अन्य संलग्न कागज-पत्र जिनका उपयोग या स्वरूप खराब हो गया हो तथा इस प्रकार का हो कि उसका उपयोग नहीं किया जा सकता है ऐसी सामग्री निर्वाचन की निर्धारित तारीख से सात दिन पूर्व रिटर्निंग आफिसर को वापस कर दिया जाये साथ ही लिखित में एक अनुरोध पत्र भी भेजा जायें जिसमें उक्त लौटायी गयी सामग्री (मतपत्र एवं अन्य कागज-पत्र) के बदले में दूसरी उतनी ही सामग्री प्रदान किये जाने का उल्लेख हो. रिटर्निंग आफिसर बदले में एक नया मतपत्र एवं अन्य कागज-पत्र भेज सकता है बशर्ते वह मतदाता के अनुरोध-पत्र में दर्शाये गये कारणों से पूर्णत: संतुष्ट हो.

5. मतपत्रों के जांच तथा गणना के समय स्वयं अभ्यर्थियों तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को प्रक्रिया में उपस्थित रहने की अनुमति रिटर्निंग आफिसर प्रदान ना करें. रिटर्निंग आफिसर उनके कार्य में सहयोग हेतु नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित कर उपस्थित रहने की अनुमति प्रदान कर सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

अनुभा श्रीवास्तव, उपसचिव.

Bhopal, the 12th February 2009

No.F 1-49/09/1/59/Ayush.— In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (2) of section 51 read with sub section (1) of section 4 of the Madhya Pradesh Homoeopathy Parishad Adhiniyam, 1976 (No. 19 of 1976), the State Government, hereby, makes the following rules, namely:-

RULES

1. **Short title and commencement.**— (1) These rule may be called the Madhya Pradesh State Homoeopathy Council (Election) rules, 2008.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Madhya Pradesh Gazette.

2. **Definition.**—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Madhya Pradesh Homoeopathy Parishad Adhiniyam.1976 (No. 19 of 1976) ;

(b) "Council" means the State Council of Homoeopathy constituted under section 3 of the Act;

(c) "Form" means a form appended to these rules; and

(d) "Returning Officer" means an Officer appointed by the State Government under sub section (1) of section 4 of the Act.

3. **Preparation of preliminary Voter's list.**— The Returning Officer shall, for each of the Revenue Commissioners' Division in the State, cause the Registrar of the Council to prepare a list of Registered Practitioners of Homoeopathy in Hindi in Devnagri script within a period of sixty days for the purpose of clause (a) of sub-section (1) of section 3 of the Act. Such list shall be prepared in form-1 and shall be known as preliminary voters list.

4. **Publication and posting of preliminary Voter's list.**—(1) Each preliminary voters list so prepared shall be published by the Council in Madhya Pradesh Gazette and list so published shall be exhibited on the notice Boards of the office of the Commissioner of the Revenue Division to which it pertains and the Council along with a notice.—

(a) inviting objections thereto and claims in respect thereof to be presented in writing within 15 days from the date of notice to the Registrar of the Council: and

(b) fixing a date and time for the hearing of such objections and claims, if any, by the Registrar of the Council and the matter shall be decided as early as possible and thereafter the final voters listshall be published.

(2) From the date of notice referred to in sub rule (1), each such list shall also be open for public inspection free of charge by the Registered Practitioners and others concerned with the profession for such days during office hours in the offices as referred to in sub rule (1).

